**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.09.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00 बजे**

**पीएम–आयुष्मान भारत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आयुष्मान भारत के कारण भारत स्वास्थ्य सेवा में क्रांति का गवाह बन रहा है। इस योजना के सात साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पोस्ट में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे क्षमता, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को आगे बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत एक ऐसी पहल है जिसने भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाया और लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता के साथ–साथ किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना से पिछले सात वर्षों में देश में 55 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। हमीरपुर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इस योजना से स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति आई है और गरीब व वंचित परिवारों को जीवन सुरक्षा कवच मिला है। अनुराग ठाकुर ने बताया कि देश में 42 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं जिससे सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त इलाज मिल रहा है।

**अनाथ बच्चे**

राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों का भविष्य संवारने के लिए ठोस कदम उठाए हैं और कई नामी शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे बच्चों को प्रवेश दिलाया गया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि शिमला के तारा हॉल स्कूल में तीन, दयानंद पब्लिक स्कूल में 8 और सोलन के पाईनग्रोव पब्लिक स्कूल में चार अनाथ बच्चों का दाखिला करवाया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया गया है और उनकी देखभाल, सुरक्षा और शिक्षा की जिम्मेदारी 27 वर्ष की आयु तक राज्य सरकार वहन करेगी।

**युग मामला**

प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिमला के बहुचर्चित युग हत्याकांड मामले में दोषियों को ज़िला व सत्र न्यायालय द्वारा दी गई फांसी की सजा को उम्र कैद में बदलने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए आज उच्च न्यायालय की विशेष खंड पीठ ने एक आरोपी तजेन्द्र पाल को बरी कर दिया है जबकि दो अन्य दोषियों चंद्र शर्मा व विक्रांत बख्शी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। युग के पिता विनोद गुप्ता ने कहा कि उनके बेटे को न्याय नहीं मिला है और वे सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे।

**जीएसटी सुधार**

भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में कल से लागू किए गए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार एक बड़ा कदम हैं। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके ये सुधार लोगों को काफी राहत प्रदान करेंगे। एक रिपोर्ट–––

**सेवा पखवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा द्वारा आज मनाली में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने बूथ संख्या 75 पर कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि सेवा पर्व के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण व हरित भविष्य की दिशा में आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा संकल्प बनने जा रहा है।

**वॉटर स्पोर्टस**

बिलासपुर की गोविंद सागर झील में आज से एक बार फिर जल क्रीड़ा गतिविधियां शुरू हो गई हैं। उपायुक्त राहुल कुमार ने स्पीड बोट और क्रूज राइड कर इन गतिविधियों का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों व पर्यटकों से गोविंद सागर झील में जल क्रीड़ा गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया है।

---